प्रशिक्षण कार्यक्रम रिपोर्ट

6 days "Mid Career Training Programme"

दिनांक **15-05-2023 से 20-05-2023**

राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर।



राजस्थान पुलिस अकादमी में दिनांक **15-05-2023 से 20-05-2023** तक " Mid Career Training Programme " विषय पर छः दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कान्फ्रेन्स हॉल न0 03 में आयोजित किया गया। उक्त कोर्स हेतु राजस्थान पुलिस अकादमी के निदेशक श्री राजीव शर्मा, आईपीएस, महानिदेशक पुलिस श्री उमेश मिश्रा, आईपीएस, महानिदेशक पुलिस, राजस्थान ने कोर्स का औपचारिक उद्घाटन कर प्रतिभागियों को सम्बोधित किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजस्थान के विभिन्न जिलों से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के **33** प्रतिभागियों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन 10:00 AM to 10:15 AM तक पंजीकरण एवं कोर्स निदेशक द्वारा कोर्स का परिचय करवाया गया। प्रथम सत्र में शरत कविराज, आईपीएस, महानिरीक्षक पुलिस, एससीआरबी, ने राजस्थान में सीसीटीएनएस और पुलिस द्वारा प्रयोग किये जा रहे विभिन्न एप्स पर विस्तार से बताया। तृतीय सत्र में श्री प्रदीप मोहन, उप महानिरीक्षक पुलिस एवं अतिरिक्त निदेशक, आरपीए, जयपुर ने पुलिस लाइन प्रबंधन के बारे में बताया। चतुर्थ सत्र में डॉ. ओम प्रकाश शर्मा, उप वित्तीय सलाहकार, पीएचक्यू, राजस्थान ने सामान्य वित्त और लेखा नियम और आरटीपीपी नियम 2012 (डीडीओ पावर) के बारे में समझाया।

द्वितीय दिन के प्रथम सत्र में डॉ हिमांगिनी राठौड़ हूजा सहायक प्रोफेसर, आईसीजी विश्वविद्यालय, जयपुर ने कार्य एवं जीवन संतुलन और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बताया। द्वितीय सत्र में श्री विश्वास भारद्वाज, डीडी, एफएसएल, जयपुर ने घटना स्थल प्रबंधन और डिजिटल साक्ष्य के बारे में समझाया। तृतीय सत्र में श्री यतिन्द्र कुमार, पुलिस निरीक्षक एवं श्री मनोज रमन, जूनियर साइबर फोरेंसिक सलाहकार आरपीए, जयपुर ने साइबर अपराधों की जांच हेतु व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। चतुर्थ सत्र डॉ. जगदीश सहायक निदेशक, महिला एवं बाल विकास विभाग राजस्थान ने महिला एवं बाल विकास विभाग एवं पुलिस विभाग के समन्वय के बारे में बताया।

तृतीय दिन के प्रथम सत्र में श्री आनंद वर्धन शुक्ला,आईजीपी (सेवानिवृत्त) ने सॉफ्ट स्किल्स के अन्तर्गत पुलिस व्यवहार के बारे में बताया। द्वितीय सत्र में श्रीमती ललिता मेहरवाल, विशिष्ठ लोक अभियोजक, पॉक्सो कोर्ट, जयपुर मेट्रो नंबर **3** ने **POCSO** मामलों की जांच के अन्वेषण और परीक्षण (जांच में कमियों का विश्लेषण) के बारे में बताया। तृतीय सत्र में डॉ राजीव बगरहटटा, प्राचार्य और नियंत्रक, एसएमएस मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, जयपुर ने प्रतिभागियों के साथ चर्चा की तथा अपनी पुस्तक 'वेल प्लेड' के बारे में बताया तथा प्रश्नोतरी के दौरान हदय रोगों एंव स्वस्थ दिनचर्या के बारे में जानकारी दी। चतुर्थ सत्र में सीसीटीएनएस केस डायरी मॉड्यूल और पर्यवक्षणीय टूल्स , एससीआरबी के द्वारा बताया गया। पंचम सत्र में श्री रमेश चौधरी, पीओ, आरपीए, जयपुर ने कानून के नवीनतम संशोधन, जघन्य अपराधों में दोषमुक्ति, (हत्या, बलात्कार, डकैती एनडीपीएस आदि) के बारे में बताया।

चतुर्थ दिन के प्रथम सत्र में श्री हेमंत प्रियदर्शी, एडीजीपी, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर ने अन्वेषण/अनुसंधान में खामियां के बारे में बताया। द्वितीय सत्र में श्रीमती तेजस्विनी गौतम, आईपीएस, एसपी बीकानेर ने महिलाओं के खिलाफ अपराध, नवीनतम कारकों और पुलिस की भूमिका के बारे में बताया। तृतीय एवं चतुर्थ सत्र में श्री केशव कुमार, आईपीएस, डीजीपी (सेवानिवृत्त) ने फोरेंसिक साइंस: जांच में डीएनए साक्ष्य का उपयोग कैसे करें, के बारे में समझाया।

पंचम दिन के प्रथम सत्र में श्री एमएल कुमावत, महानिदेशक (सेवानिवृत्त) ने वर्तमान में उभरती आंतरिक सुरक्षा चुनौतियाँ के बारे में बताया। द्वितीय एंव तृतीय सत्र में श्री ध्रुव दहिया, आईपीएस, संयुक्त उप निदेशक, इंटेलिजेंस ब्यूरो, बैगलूरू ने डार्क नेट, वीपीएन, ब्लॉक चेन और क्रिप्टो करेंसी के बारे में समझाया। चतुर्थ सत्र में श्री गोविंद पारीक, अतिरिक्त निदेशक प्रचार पीएचक्यू, राज. जयपुर, एवं श्री अमित वाजपेयी, राज्य संपादक, राजस्थान पत्रिका एवं श्री तरुण शर्मा, संपादक दैनिक भास्कर जयपुर ने पैनल चर्चा: भारत में पुलिसिंग और मीडिया प्रबंधन की स्थिति में भाग लिया।

छठे दिन के प्रथम सत्र में श्री राजेश महर्षि, एएजी एवं श्री गजेन्द्र सिंह जोधा, सहायक निदेशक, आउटडोर, आरपीए, जयपुर ने उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय में रिट याचिका के बारे में समझाया। द्वितीय सत्र में श्री एस.डी. जाम्बोडकर, संयुक्त निदेशक,एनसीबी, जोधपुर ने नार्को ट्रैफिकिंग एंड ड्रग एडिक्शन की उभरती प्रवृतियों के बारे में बताया।

अन्तिम सेशन में प्रतिभागियों द्वारा विभिन्न विषयों पर ग्रुप प्रजेटेशन का आयोजन किया गया। कोर्स का समापन में डॉ रवि प्रकाश मेहरडा, आईपीएस, महानिदेशक पुलिस, सिविल राईटस एंव साईबर क्राइम, राजस्थान, ने कोर्स से सम्बन्धित चर्चा की एवं चर्चा के पश्चात प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। समापन सत्र के अन्त में धन्यवाद ज्ञापित किया गया। तत्पश्चात कोर्स विधिवत सम्पन्न हुआ।

हस्ताक्षर
कोर्स निदेशक